**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 7 दिसंबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

1. नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एकाउंटेबल मैनेजर को बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वैज्ञानिकों से अनुसंधान का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

3. मुख्यमंत्री ने भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में **स्टूडेंटस साईंस एंड टैक्नोलॉजी विलेज** का उद्घाटन किया।

4. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी।

5. केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और पूर्व मंत्री असीम गोयल ने युवाओं से नशों से दूर रहने की अपील की।

---

नागर विमानन महानिदेशालय - डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी कर, बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घण्टे के भीतर जवाब देने को कहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने संवाददाताओं को बताया -

***हमने इंडिगो को निर्देश दिया है कि 48 घंटे के भीतर वे सभी बैगेज यात्रियों के घरों तक पहुँचा दें। यह उनकी ज़िम्मेदारी है, इसलिए हमने अधिकतम जवाबदेही इंडिगो पर ही डाली है, क्योंकि समस्या उनकी आंतरिक संचालन प्रक्रिया से ही शुरू हुई थी।***

***<u>हम लगातार में स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। मैं आपको बता सकता हूँ कि पिछले दो-तीन दिनों से हम मंत्रालय में ही लगातार फैसले ले रहे हैं ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।</u>***

इस बीच, सरकार ने इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात 8 बजे तक पूरा हो जाना चाहिए।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वैज्ञानिकों से प्रयोगशालाओं की दीवारों से बाहर निकालकर अनुसंधान का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया है।
मुख्यमंत्री आज पंचकूला में 11वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव-IISF के दूसरे दिन के सत्र को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वैज्ञानिकों का ज्ञान एक किसान की फसल बढ़ाता है, जब शोध एक मरीज की बीमारी ठीक करता है, जब नवाचार एक उद्यमी को सशक्त करता है, तभी विज्ञान सही मायने में 'समृद्धि' लाता है।
मुख्यमंत्री ने विज्ञान महोत्सव के हरियाणा में आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा -

श्री नायब सिंह सैनी ने समारोह में **स्टूडेंटस साईंस एंड टैक्नोलॉजी विलेज** का उद्घाटन किया। इस विलेज को आधुनिक भारत का 'नया नालंदा' की संज्ञा दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों में गहरी रूचि दिखाई।
मुख्यमंत्री ने युवा, छात्रों और वैज्ञानिकों से संवाद करते हुए कहा कि विज्ञान केवल करियर नहीं है, राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वे भारत की वह पीढ़ी हैं जो भारत को विकसित बनाएगी।

उन्होंने कहा कि यह पर्व विज्ञान, नवाचार, स्टार्ट अप ऊर्जा, भविष्य की तकनीक और नए भारत के सपनों का संगम है। उन्होंने कहा कि भारत अपने बलबूते चांद, सूरज व अंतरिक्ष का अध्ययन करने वाले, क्वांटम तकनीक से लेकर डीप-टेक, ए.आई., ड्रोन और बायोटेक्नोलॉजी तक में संसार के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है।
उन्होंने सभी वैज्ञानिकों, शोध संस्थानों, उद्योग जगत और स्टार्ट-अप्स से अनुरोध किया कि सब मिलकर विज्ञान आधारित विकास मॉडल बनाएं, जो हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण जीवन दे, भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करे और पर्यावरण की सुरक्षा कर इस धरती पर सतत भविष्य सुनिश्चित करे। इस 4 दिवसीय 'विज्ञान महाकुंभ' में देश-विदेश के 40 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

******************************************************************

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

******************************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने युवाओं से नशों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा आर्थिक, मानसिक, सामाजिक व पारिवारिक स्तर पर व्यक्ति को पूरी तरह तबाह कर देता है।

वे आज आर्य युवा समाज द्वारा फरीदाबाद में आयोजित 100 कुण्डीय हवन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ बड़खल विधायक धनेश अदलखा भी उपस्थित रहे। गुर्जर ने कहा कि यह हवन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नशा-मुक्त समाज के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने आर्य समाज व डीएवी संस्थाओं द्वारा बच्चों में संस्कार जागृत करने और समाज सुधार में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य विकसित भारत 2047 तभी साकार होगा, जब देश पूर्णत: नशा-मुक्त बनेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा खेल व शिक्षा में लगाएं और किसी भी प्रकार का नशा न अपनाएं। कार्यक्रम में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और सभी को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

**************************************************************************

आज अंबाला शहर के डी.ए.वी. कॉलेज में भी युवाओं को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित करने हेतु आर्य युवा समाज द्वारा 100 कुंडीय विशाल हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए सभी से नशों से दूर रहने का अनुरोध किया। श्री गोयल ने संस्थान के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना की।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और लोगों को जन-जन तक नशों के दुशप्रभावों बारे जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार भी नशों के विरुद्ध विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। नशे को जड़ से खत्म करना सरकार का मुख्य ध्येय है।

**************************************************************************

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के एक अधीक्षक को दो लाख 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी अधिकारी शिकायतकर्ता की फर्म का GST नंबर सक्रिय करने के बदले ढ़ाई लाख रूपये की अवैध रकम मांग रहा था। शिकायत की पुष्टि होने के बाद ब्यूरो की रोहतक टीम  ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गुरुग्राम के बड़ा भईया चौक, गांव बसी से रिश्वत की राशि सहित रंगे हाथ काबू कर लिया । आरोपी की पहचान जिला झज्जर  के बहादुरगढ़ निवासी भारत मीणा के रूप में हुई ।

प्रारंभिक जांच में कुछ और अधिकारियों की संलिप्तता की संभावना सामने आई है। ब्यूरो ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान जिन भी अधिकारियों या कर्मचारियों के नाम सामने आएंगे, उनके विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**************************************************************************